भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 672

(जिसका उत्तर मंगलवार, 8 फरवरी, 2022/19 माघ, 1943 (शक) को दिया जाना है)

भारतीय मुद्रा का मूल्य

672. **श्री राम नाथ ठाकुरः**
श्रीमती छाया वर्माः
श्री विशम्भर प्रसाद निषादः
चौधरी सुखराम सिंह यादवः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पिछली कुछ तिमाहियों के दौरान भारतीय रुपया एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है;

(ख) यदि हां, तो पिछली चार तिमाहियों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) भारतीय मुद्रा के मूल्य में अत्यधिक गिरावट आने के क्या कारण हैं; और

(घ) भारतीय रुपये की अत्यधिक गिरावट को रोकने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ग): भारतीय रुपया पिछली कुछ तिमाहियों के दौरान अन्य एशियाई मुद्रा जैसे दक्षिण कोरियाई वोन, फिलीपींस पेसो, थाई बात और जापानी येन के बीच बेहतर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा में से एक है। 2021 में भारतीय रुपया का प्रदर्शन (तिमाही से तिमाही) सारणी 1 में दिया गया है।

सारणी 1: 2021 में भारतीय रुपया का प्रदर्शन (तिमाही से तिमाही)

क्र.सं.	**तिमाही**	**अधिमूल्यन (+)/मूल्यह्रास (-)**
1	**जनवरी-मार्च 2021**	**(-) 0.05%**
2	**अप्रैल-जून 2021**	**(-) 1.64%**
3	**जुलाई-सितम्बर 2021**	**(+) 0.13%**
4	**अक्तूबर-दिसम्बर 2021**	**(-) 0.13%**

(घ) रुपए की विनिमय दर बड़े पैमाने पर मांग और आपूर्ति की बाजार शक्तियों द्वारा निर्धारित की जाती है। भारतीय रिजर्व बैंक केवल विदेशी विनिमय बाजार में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने और विनिमय दर के किसी विशिष्ट स्तर को लक्षित किए बिना उसमें व्यवस्थित स्थिति को बनाए रखने के लिए हस्तक्षेप करता है।

******